तापमान
अधिकतम 41 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

हरिभूमि
# कोरिया भूमि

बिलासपुर, बुधवार 29 अप्रैल 2026

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]



4 कॉलेज की छात्राओं ने शोध-प्रविधि के महत्वपूर्ण पहलुओं के संबंध में जाना


## औद्योगिक सुरक्षा एवं अग्निशमन प्रशिक्षण द्वारा 10th/ 12th/ स्नातक छात्राओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धत कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्याथियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जावेगा। प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: मो. 7697212782 **पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चोक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**

इच्छुक छात्र- छात्राएं आवेदन करें
**फायर सेफ्टी के कोर्स**
1. एक वर्ष फायर सेफ्टी
2. एक वर्षीय इंडस्ट्रियल सेफ्टी
3. बी.एस.सी. फायर सेफ्टी
4. सेनेटरी हेल्थ इंस्पेक्टर
5. (ADIS) एडवांस्ड डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी
6. (PDIS) पोस्ट डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी
7. सर्टिफिकेट कोर्स फायर एवं सेफ्टी



Advt.


## खबर संक्षेप

### दो आदतन आरोपियों का जिलाबदर

**मनेन्द्रगढ़।** जिले में कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में जिला प्रशासन ने सख्त कदम उठाते हुए दो आरोपियों के विरूद्ध जिलाबदर की कार्रवाई की है। जिला दंडाधिकारी न्यायालय द्वारा छग राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5 (क) एवं (ख) के तहत पारित आदेश के अनुसार चिरमिरी निवासी राजन सिंह चौहान तथा मनेन्द्रगढ़ निवासी शकील अहमद उर्फ मस्सा को आगामी 6 माह के लिए जिला एवं आसपास के सीमावर्ती क्षेत्रों से निष्कासित किया गया है।

### जनगणना से जुड़े अफसरों के तबादलों पर रोक

**मनेन्द्रगढ़।** जनगणना 2027 के सफल, सुनियोजित और निर्विघ्न संचालन को सुनिश्चित करने के लिए राज्य शासन ने महत्वपूर्ण प्रशासनिक निर्देश जारी किए हैं। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा स्पष्ट किया गया है कि जनगणना कार्य में संलग्न अधिकारियों एवं कर्मचारियों का स्थानांतरण, अपरिहार्य परिस्थितियों को छोड़कर, जनगणना कार्य पूर्ण होने तक यथासंभव नहीं किया जाएगा। सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्रमांक 5 जून 2025 के अनुसार 25 जून 2025 के पश्चात स्थानांतरण पर पहले से ही पूर्ण प्रतिबंध लागू है।

### कलेक्टर पंचोली ने ली समीक्षा बैठक

**अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने कहा है कि ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था पूर्णतः सुव्यवस्थित और सुचारू रूप से संचालित की जाए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित नल-जल योजनाओं के प्रशिक्षित ऑपरेटरों की अधिकारियों द्वारा रियल टाइम मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए, ताकि ग्रामीणों को समय पर एवं आवश्यकता अनुसार पर्याप्त जल उपलब्ध हो सके। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि पेयजल व्यवस्था के संबंध में लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

### बोरी बंधान कर दिया गया जल संरक्षण का संदेश

**अनूपपुर।** जल गंगा संवर्धन अभियान द्वितीय चरण के अंतर्गत जल स्त्रोत सेवा समागम कार्यक्रम में जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था आनंदम सोशल वेलफेयर सोसायटी धनगवां पूर्वी द्वारा विकासखंड जैतहरी के ग्राम निगौरा में जल संरक्षण के लिए बोरी बंधान का कार्य किया गया। संस्था के सदस्यों ने बताया कि बोरी बंधान हो जाने से जल को रोकने पर पशु-पक्षियों के पीने के लिए पानी उपलब्ध कराया जा सकेगा। साथ ही भू-जल स्तर में भी सुधार होगा।

### चोरी का प्रयास, सीसीटीवी में कैद हुए आरोपी

**अम्बिकापुर।** बतौली निवासी ममता गुप्ता पति ताराचंद गुप्ता ने थाने में शिकायत की है कि 25 अप्रैल को घर में ताला लगाकर पुत्र के साथ पारिवारिक शादी में शामिल होने शहर आए थे। जबकि घर में कोई नहीं था। इसी बीच रात 12 से 1 बजे के बीच दो नकाब पोश पहुंचे और घर के दरवाजे में लगे ताला को तोड़ने का प्रयास किया। इसी बीच पड़ोसियों ने हलचल होने पर मौके पर पहुंचे तो दोनों दीवार फांदकर भाग निकले वहीं ताले में लगे लोहे की रॉड मिला। ताला तोड़ने की घटना सीसीटीवी कैमरे में रिकार्ड गया है।

**बाजार में महंगे दामों में होती है बिक्री**

**शहर के बाजार में आते हैं और दोना के हिसाब से करते हैं विक्रय**

# जंगली फल चार को समेटने जुटे वन क्षेत्रों के ग्रामीण, आय का बना जरिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

वनों में मिलने वाला चार के पेड़ अब वन क्षेत्रों में भी सिमटते जा रहे हैं। वर्तमान में जंगली फल चार का सीजन शुरू हो गया है। यह फल अभी पका नहीं है, पेड़ों में कच्चा ही है। आने वाले कुछ समय पश्चात शहर के बाजार के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों के साप्ताहिक बाजार में चार फल की आवक शुरू हो जाएगी।

सीजन का यह फल कोरिया के सभी क्षेत्रों के जंगलों में पाई जाती है। अभी जंगलों में चार पेड़ पर हरे रंग के फल लदे हुए हैं, लेकिन पकने के बाद चार फल का रंग काला होता है। पकने के बाद बाजार मइें स फल की आवक शुरू होती है। फिलहाल आगामी कुछ ही दिनों में जंगल क्षेत्र में मिलने वाला चार फल की आवक शहर के बाजार में शुरू हो जाएगी। ग्रामीण क्षेत्र के लोग चार फल को लेकर शहर के बाजार में आते हैं और दोना के हिसाब से विक्रय करते हैं। सीजन के इस फल का स्वाद हर कोई लेना चाहता हैं, इसके चलते बाजार में चार फल की आवक शुरू होने के साथ ही लोग खरीदी के लिए आतुर रहते हैं। उल्लेखनीय है कि चार फल की गुठली के भीतर निकने वाला गिरी को ही चिरौंजी कहा जाता है जो सूखे मेवे के रूप में महंगे दामो पर दुकानों में बिकती है।



### गांव-गांव में चार फल एकत्र किए जा रहे

कोरिया के जंगलो में मिलने वाला चार फल अभी पेड़ में ही कच्ची हालत में हैं, लेकिन कुछ ग्रामीण कच्चे फल को ही तोड़कर एकत्र करने में जुटे हुए हैं। जिले के सोनहत जनपद के एक गांव में ग्रामीण एक बोरा चार फल तोड़कर अपने घर लाए। ग्रामीण ने बताया कि इस फल को पकाकर स्थानीय बाजार में विक्रय करेंगे। इस तरह चार फल को अप्राकृतिक तरीके से पकाकर बाजार में बेचने की तैयारी में ग्रामीण रहते हैं। रासायनिक तरीके से पकाए फल स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकता है।

### प्रतिवर्ष पेड़ को होता है नुकसान

कोरिया जिले के जंगलों में चार फल को तोड़ने के दौरान कई लोगों के द्वारा सुरक्षित तरीके से चार फल को पेड़ से नहीं तोड़ते, बल्कि देखा गया कि कई लोग चार फल को तोड़ने के दौरान पेड़ की शाखा को ही तोड़ देते हैं, इस तरह प्रतिवर्ष चार फल तोड़ने के दौरान चार पेड़ को बड़ा नुकसान पहुंचाया जाता है। कई बार तो कुछ लोग कुल्हाड़ी चलाकर काट भी देते हैं। यही कारण है कि अब जंगल क्षेत्रों में भी चार के पेड़ कम होने लगे हैं।

# कॉस्मेटिक, जूस सेंटर, स्ट्रीट फूड और दवा दुकानों पर कार्रवाई









हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिले में नागरिकों को सुरक्षित एवं गुणवत्तायुक्त खाद्य और औषधि उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। सही दवा शुद्ध आहार यही छग का आधार के तहत यह 15 दिवसीय अभियान 27 अप्रैल से 11 मई तक संचालित होगा। अभियान की शुरूआत कलेक्टर चंदन त्रिपाठी की अध्यक्षता में हुई बैठक से की गई, जिसमें अधिकारियों को सख्त निगरानी और नियमित निरीक्षण के निर्देश दिए गए। वहीं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत कुमार सिंह के मार्गदर्शन में औषधि एवं खाद्य प्रकोष्ठ लगातार कार्रवाई कर रहा है। पहले दिन 8 कॉस्मेटिक दुकानों का निरीक्षण किया गया, जिसमें बिल व रिकॉर्ड की जांच एक्सपायरी उत्पादों की अलग पहचान, लेबलिंग और भंडारण व्यवस्था का सत्यापन, सफाई की स्थिति का निरीक्षण, व्यवस्था संतोषजनक पाई गई, जबकि कुछ को सुधार के निर्देश दिए गए।

■ एक्सपायरी उत्पाद को किए गए नष्ट

### स्ट्रीट फूड और जूस सेंटर पर कार्रवाई

अभियान के दूसरे दिन चाट-गुपचुप और जूस सेंटरों की जांच की गई। स्वच्छ पानी और हाइजीन पर विशेष जोर दिया गया, एक्सपायरी खाद्य सामग्री की जांच की गई, गन्ना जूस विक्रेताओं को मानक बर्फ के उपयोग के निर्देश दिए गए, बिना पंजीयन संचालकों को लाइसेंस कराने के निर्देश दिए गए और कई एक्सपायरी उत्पाद मौके पर नष्ट कराए गए। थोक दवा दुकानों के लाइसेंस और दस्तावेजों की जांच की गई। गुणवत्ता परीक्षण के लिए 2 औषधियों के नमूने लिए गए। सुरक्षित भंडारण और नियम पालन के निर्देश जारी किए गए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि सभी प्रतिष्ठानों को स्वच्छता, गुणवत्ता और नियमों का पालन अनिवार्य रूप से करना होगा। उल्लंघन पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# 15 हजार से अधिक उपभोक्ताओं ने योजना में कराया पंजीयन

**बैकुण्ठपुर।** मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना के तहत वर्षों से लंबित बिजली बिलों से परेशान उपभोक्ताओं को इस योजना के तहत बड़ी राहत मिली है। जिले में कुल 33 करोड़ 61 लाख रूपए की बकाया बिजली राशि के भुगतान के लिए 15,166 उपभोक्ताओं ने योजना में पंजीकरण कराया है, इसके तहत उन्हें करीब 15 करोड़ 74 लाख रूपए की छूट प्रदान की गई है। छूट के बाद भी उपभोक्ताओं ने आगे बढ़कर 1 करोड़ 42 हजार रूपए का भुगतान कर दिया है।

■ मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना के तहत कवायद

योजना के तहत बीपीएल, घरेलू और कृषि श्रेणी के निम्नदाब उपभोक्ताओं को विशेष लाभ मिल रहा है। इन उपभोक्ताओं को सरचार्ज में 100 प्रतिशत छूट के साथ-साथ मूल राशि में भी निर्धारित प्रतिशत की राहत दी जा रही है। योजना का लाभ लेने के लिए पंजीयन अनिवार्य रखा गया है। बीपीएल उपभोक्ताओं को पंजीयन के समय कोई अग्रिम राशि जमा नहीं करनी पड़ती, जबकि घरेलू और कृषि उपभोक्ताओं को न्यूनतम 5 प्रतिशत राशि जमा करनी होती है। शेष राशि को आसान किस्तों में चुकाने की सुविधा दी गई है। इस योजना की खास बात यह है कि पहली बार मूल राशि में भी छूट दी जा रही है। साथ ही किस्तों में भुगतान करने वाले उपभोक्ताओं को भविष्य के बिजली बिलों में सरचार्ज से भी राहत मिलेगी। जिले के कई उपभोक्ताओं ने इस योजना का लाभ उठाकर अपनी बकाया राशि कम की है। उदाहरण के तौर पर कुछ उपभोक्ताओं को आधे तक बिल में छूट मिली। बिजली कंपनी द्वारा उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए मोबाइल ऐप, कार्यालयों में हेल्पडेस्क और विभिन्न स्थानों पर शिविर लगाकर पंजीकरण की व्यवस्था की गई है, जिससे लोग इस योजना का लाभ उठा सकें।





# एग्रो इनपुट डीलर्स का फूटा गुस्सा

**बैकुण्ठपुर।** कृषि आदान (एग्रो इनपुट) व्यापारियों की बढ़ती समस्याओं को लेकर अब आंदोलन की आहट तेज हो गई है।

■ आंदोलन की चेतावनी

सरगुजा संभाग के अंतर्गत कार्यरत एफएएस एग्रो इनपुट डीलर एसोसिएशन ने प्रधानमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर अपनी लंबित मांगो पर गंभीर चिंता जताई है। एसोसिएशन का दावा है कि वह देशभर के लगभग 5 लाख एग्रो इनपुट व्यापारियों का प्रतिनिधित्व करता है, जो पिछले एक दशक से केन्द्र और राज्य सरकारों से लगातार समस्याओं के समाधान की मांग कर रहे हैं, इसके बावजूद अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है, जिससे व्यापारियों में असंतोष बढ़ता जा रहा है। ज्ञापन में व्यापारियों ने अपनी प्रमुख मांगे स्पष्ट रूप से रखी हैं। इनमें उर्वरकों पर जबरन लिंकिंग व्यवस्था समाप्त करना, सब्सिडी वाले खाद के ⏭ शेष पेज 4 पर





### बैठक में कलेक्टर ने बढ़ाई जवाबदेही

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर कार्यालय के सभा कक्ष में आयोजित समय-सीमा समीक्षा बैठक इस बार केवल विभागीय प्रगति की औपचारिक समीक्षा तक सीमित नहीं रही, बल्कि जिले में विकास कार्यों की वास्तविक स्थिति, जवाबदेही और परिणाम आधारित प्रशासनिक कार्य संस्कृति को लेकर एक निर्णायक संदेश देने वाला मंच साबित हुई। कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में प्रशासनिक अमले को स्पष्ट शब्दों में यह संदेश दिया गया कि अब योजनाओं की सफलता फाइलों में नहीं, बल्कि जनता के जीवन में दिखाई देनी चाहिए।

# वनवासी कल्याण आश्रम महिला नगर समिति गठित

**मनेन्द्रगढ़।** वनवासी कल्याण आश्रम के मनेन्द्रगढ़ नगर में महिला नगर समिति के पुर्नगठन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक एकलव्य वनवासी छात्रावास परिसर में आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता प्रांतीय कोषाध्यक्ष विनोद शुक्ला जशपुर प्रांत ने की।

बैठक में संगठन से जुड़े पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। बैठक में बताया गया कि महिला नगर समिति का पूर्व कार्यकाल पूर्ण हो चुका है, जिसके चलते पुरानी समिति को विधिवत भंग कर नई समिति के गठन की प्रक्रिया पूरी की गई। सर्वसम्मति से लिए गए निर्णय में भावना गुप्ता को महिला नगर समिति का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। उनके चयन पर उपस्थित सभी सदस्यों ने हर्ष व्यक्त किया और उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। नवगठित कार्यकारिणी में संरक्षक के रूप में सुमन अग्रवाल को जिम्मेदारी दी गई है। वहीं उपाध्यक्ष ⏭ शेष पेज 4 पर



**विपक्ष पर जमकर बरसीं महिला भाजपा नेत्री**

# भाजपा महिला मोर्चा का जन आक्रोश महिला सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष विभा अवस्थी एवं भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी के मार्गदर्शन में वार्ड क्रमांक 1 हर्रापारा में जन आक्रोश महिला सम्मेलन का आयोजन किया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े मुख्य आतिथ्य एवं जिलाध्यक्ष रीता यादव के अध्यक्षता में कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर भाजपा जिला कार्यालय मंत्री मंजू जिवनानी, जिला सह मीडिया प्रभारी वर्षा साहू, शोसल मीडिया सह प्रभारी रेनू सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य धर्मवती राजवाड़े, जिला महामंत्री पुष्पलता राजवाड़े, ममता कुशवाहा, जिला मंत्री आँचल सिंह, बेगमती चिकनजूरी,रीना साहू, मंडल अध्यक्ष कुसुम जायसवाल, लक्ष्मी राजवाड़े,उपाध्यक्ष पुष्पा पाल, महामंत्री तोता रानी प्रमुख रूप से उपस्थित रहें। जिला पंचायत उपाध्यक्ष वंदना राजवाड़े ने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत महिलाओं को लोकसभा एवं विधानसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित किया गया था, परंतु विपक्षी दलों ने अपना रवैय्या दिखा दिया है। महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रीता यादव ने कहा कि यह अधिनियम महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी को मजबूत करेंगा और छग की महिलाओं के लिए गौरव का विषय है। भाजपा जिला कार्यालय मंत्री मंजू जिवनानी ने कहा कि आज भारत की आधी आबादी महिलाएं है उन्होंने हर क्षेत्र में अपनी क्षमता और सामर्थ्य को साबित किया है चाहे वो शिक्षा हो या राजनीति हमेश महिलाओं की भागीदारी सशक्त होगी। प्रदेश सोशल मीडिया सह प्रभारी रेणु सिंह ने कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं और भाजपा सरकार ने उन्हें आगे बढ़ाने के लिए अनेक योजनाएं लागू की हैं। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य धर्मवती राजवाड़े ने कहा कि यह सम्मेलन महिलाओं के अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने का एक सशक्त माध्यम है। मंडल अध्यक्ष लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि सभी महिला कार्यकर्ताओं से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में अपनी भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम संयोजक एवं जिला मंत्री आंचल सिंह ने कहा ⏭ शेष पेज 4 पर





# सुशासन तिहार के तहत जन समस्या निवारण शिविर 1 से

**बैकुण्ठपुर।** सुशासन तिहार के तहत जिले में आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए जन समस्या निवारण शिविर 2026 आयोजित करने का आदेश जारी किया गया है।

यह अभियान 1 मई से 10 जून तक संचालित होगा। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश में जिला, अनुविभाग और विकासखंड स्तर पर नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है, जो शिविरों के सफल संचालन और शिकायतों के निराकरण की जिम्मेदारी निभाएंगे। इस अभियान के तहत बैकुंठपुर और सोनहत विकासखंड के विभिन्न ग्राम पंचायतों में निर्धारित तिथियों पर शिविर आयोजित किए जाएंगे। 5 मई से शुरू होकर 9 जून तक चलने वाले इन शिविरों में ग्रामीणों की समस्याएं सीधे सुनी जाएंगी और उनका समाधान मौके पर ही करने का प्रयास किया जाएगा। प्रशासन ने निर्देश दिए हैं कि शिविरों के दौरान विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी आम नागरिकों तक पहुंचाई जाए तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ भी तत्काल प्रदान किया जाए। शिविर में प्राप्त आवेदनों का यथा संभव मौके पर निराकरण किया जाएगा, जबकि शेष मामलों को संबंधित विभागों के समन्वय से अधिकतम एक माह के भीतर सुलझाया जाएगा, इसके अलावा प्रत्येक आवेदन का रिकॉर्ड संधारित करने और आवेदकों को उनके आवेदन की स्थिति से अवगत कराने के निर्देश भी दिए गए हैं।

## खबर संक्षेप



### प्रेमचंद ने रक्तदान कर लोगों को किया प्रेरित

**रामानुजगंज।** नगर के वार्ड क्रमांक 10 निवासी एवं सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहने वाले प्रेमचंद गुप्ता ने 10 वीं बार रक्तदान किया। उन्होंने 100 बिस्तर अस्पताल रामानुजगंज में आयोजित रक्तदान शिविर में पहुंचकर स्वेच्छा से रक्तदान किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने उनके इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा की और इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। प्रेमचंद गुप्ता लंबे समय से सामाजिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते रहे हैं और जरूरतमंदों की मदद के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। उनका मानना है कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है, जिससे किसी जरूरतमंद व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने से बहुत अच्छा महसूस होता है। यह न केवल दूसरों के जीवन को बचाने का माध्यम है, बल्कि इससे स्वयं को भी संतोष मिलता है। उन्होंने लोगों से भी आगे आकर रक्तदान करने की बात कही। शिविर में अन्य लोगों ने भी भाग लेकर रक्तदान किया और समाज में सकारात्मक संदेश दिया।

### दिवंगत प्रधान आरक्षक की पत्नी को मिली अनुकम्पा नियुक्ति

**सूरजपुर।** एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने दिवंगत प्रधान आरक्षक जवाहर लाल सिंह की पत्नी दुर्गावती सिंह को सोमवार को महिला आरक्षक के पद पर अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान किया है। सेवा के दौरान आकस्मिक मृत्यु को गंभीरता से लेते हुए पुलिस महानिरीक्षक दीपक कुमार झा ने अनुकंपा नियुक्ति संबंधी सभी कार्रवाई जल्द पूरी करते हुए नियुक्ति देने के निर्देश दिए थे। इसी क्रम में एसएसपी ने सोमवार को दुर्गावती सिंह को महिला आरक्षक के पद पर अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान किया। इस दौरान उन्होंने चर्चा कर आवास के बारे में पूछा जिस पर नवनियुक्त महिला आरक्षक ने आवास गृह की आवश्यकता बताई जिस पर उन्होंने दुर्गावती को जल्द आवास गृह आबंटित करने का आश्वासन दिया है।



### चोरी की बाइक सहित आरोपी गिरफ्तार, गया जेल

**सूरजपुर।** बाइक चोरी का बिक्री करने ग्राहक तलाश रहे बाइक चोर को पुलिस ने पकड़ा। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी की गई बाइक को जब्त कर आरोपी को न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने जिले के थाना-चौकी प्रभारियों को अवैध कार्यो पर पूर्णतः अंकुश लगाने व किसी प्रकार की अवैध कार्यो की सूचना पर विधि के अनुसार चेकिंग कर सख्ती से कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। इसी परिप्रेक्ष्य में चौकी बसदेई पुलिस को मुखबिर से सूचना मिला कि ग्राम बसदेई हाई स्कूल के सामने मेन रोड के पास एक व्यक्ति चोरी के बाइक को बिक्री करने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहा है। सूचना पर चौकी बसदेई पुलिस मौके पर पहुंची जहां बाइक सहित ग्राम बिरमताल निवासी जगन्नाथ दुबे उर्फ टांगर पंडित आ. स्व. रामप्यारे दुबे (24 वर्ष) को पकड़ा और बाइक का दस्तावेज की मांग तो जगरनाथ कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं सका। साथ ही बताया कि वह बाइक को 8-9 दिन पहले एक अन्य व्यक्ति के साथ विश्रामपुर के समीप गांव से चोरी करने की बात कही। पुलिस ने बाइक को जब्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 35(1-घ),/303(2) के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। वहीं फरार 1 अन्य आरोपी की पतासाजी की जा रही है। इस कार्यवाही में चौकी प्रभारी बसदेई योगेन्द्र जायसवाल व उनकी टीम सक्रिय रही।



### घुटरा जंगल में जुआ खेलते 5 आरोपी गिरफ्तार

**मनेंद्रगढ़।** जिले में अवैध जुआ-सट्टा के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए घुटरा-सलवा जंगल क्षेत्र से 5 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से नगद राशि सहित जुआ खेलने में प्रयुक्त सामग्री भी जब्त की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 27 अप्रैल को पेट्रोलिंग के दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि घुटरा-सलवा के जंगल में कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया गया तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र नायक के मार्गदर्शन में कोतवाली थाना एवं साइबर सेल की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर रेड कार्रवाई की गई। घटना स्थल मुख्य मार्ग से लगभग एक किलोमीटर अंदर जंगल में स्थित था। पुलिस टीम ने ग्रामीण वेशभूषा में पहुंचकर घेराबंदी की, जिससे जुआरियों को शक नहीं हुआ और सभी आरोपियों को मौके पर ही पकड़ लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों में संतोष कुमार साण्डिल्य (32 वर्ष), निवेश कुमार खलखो (19 वर्ष), भानु सिंह गोंड (36 वर्ष), विवेक मिश्रा (27 वर्ष) एवं दिलीप कुमार (26 वर्ष) शामिल हैं।

## वेलकोटा उद्यान विभाग के अधीक्षक का बड़ा कारनामा

# निजी फायदे के लिए 2 एकड़ प्लाट में लगवा दी कद्दू की फसल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेदम

बेलकोटा स्थित शासकीय उद्यान विभाग में गजब कारनामा देखने को मिला है। जहां उद्यान विभाग के अधीक्षक न सिर्फ शासकीय नियमों का धज्जियां उड़ा रहे है बल्कि प्राइवेट कंपनी से अनुबंध कर उद्यान में अवैध रूप से कद्दू की खेती की जा रही है। हैरानी की बात तो यह है कि उद्यान के लगभग 2 एकड़ भूमि में बीज उत्पादन के लिए फसल लगाई गई है बावजूद इसके घटना की जानकारी अधिकारियों को भी नहीं है।

**खास बातें**
- शासकीय संपत्ति का हो रहा दुरुपयोग
- क्षेत्र के लोगों ने की जांच व कार्रवाई की मांग

विकासखंड बतौली के वेलकोटा में स्थित शासकीय उद्यान विभाग में पदस्थ अधीक्षक केशवचंद सिदार के देख रेख में संचालित है। इधर उच्चाधिकारियों के उद्यान का निरीक्षण नहीं करने से अधीक्षक के न सिर्फ हौसले बुलंद है बल्कि मनमानी तरीके से सारे नियमों को ताक में रखते हुए शासकीय संपत्ति का दुरुपयोग किया जा रहा है। अधीक्षक द्वारा एक निजी कंपनी से अनुबंध करते हुए लगभग 2 एकड़ उद्यान की भूमि में कद्दू (कोहड़ा) की फसल लगाई गई है जबकि वर्तमान में वेलकोटा उद्यान में बरबट्टी व दोड़का का बीज उत्पादन का कार्य चल रहा है जहां मनरेगा अंतर्गत मजदूर कार्य में लगे हुए है। इसके अलावा दूर दराज के किसान यहां खेती के तरीके सीखने आते है जहां उद्यान विभाग द्वारा उच्च स्तरीय देखरेख में फलदार पेड़ पौधे सहित उच्च किस्म के बीज का उत्पादन किया जाता है। ऐसे में उच्च अधिकारियों के सतत निगरानी में हो रहे वेलकोटा उद्यान के कार्य में सवाल उठने लगे है। उद्यान अधीक्षक केशवचंद सिदार द्वारा नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाते हुए जशपुर बगीचा के प्राइवेट कंपनी कृषि केंद्र से अनुबंध कर उद्यान के 2 एकड़ प्लाट में कद्दू का बीज उत्पादन हेतु फसल लगाया गया है। अधिकारियों के नाक के नीचे अधीक्षक सिदार द्वारा यह अवैध कमाई हेतु फसल लगाया गया है जो जांच का विषय है



बेलकोटा उद्याान मे लगए गए कद्दू की फसल।

**एक अधिकारी दो नियम**

विडंबना है कि उद्यान अधीक्षक केशवचंद सिदार द्वारा खुद को लाभ पहुंचाने कद्दू की खेती अच्छी देखरेख में करते हुए 2 एकड़ में लगाया गया है जहां मनरेगा के मजदूर समय रहते कद्दू की फसल में पानी डालना,फूल कॉर्स कराना सहित सभी कार्य अधीक्षक के निर्देश पर कर रहे है। वहीं दूसरी ओर शासन को भेजने वाले बरबट्टी व दोडका की फसल में घोर लापरवाही बरती जा रही है। फसल सुख कर मर रहा है जिससे साफ साफ पता चल रहा है कि अधीक्षक द्वारा मनमानी तरीके से अवैध खेती पर ज्यादा ध्यान दिया जा रहा है जो शासन के नियमों की खुलेआम अवहेलना है। जहां मनमानी रूप से शासन से मिलने वाले खाद्य सामग्री सहित मजदूरों को अवैध खेती में लगाया जा रहा है।

**कराई जाएगी जांच**

बेलकोटा उद्यान में निजी कंपनी द्वारा बीज उत्पादन के लिए फसल लगाई गई है तो गलत है। मेरी नई ज्वाइनिंग है। मामले की जांच कराकर उचित कार्रवाई की जाएगी।

-हितेंद्र कुमार मेश्राम
उप संचालक उद्यान



## मंत्री अग्रवाल ने 283 लाख के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

नगर पंचायत लखनपुर में सोमवार को विकास एवं जनकल्याण से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री राजेश अग्रवाल उपस्थित रहे, जबकि अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सावित्री दिनेश साहू ने की।

इस दौरान अधोसंरचना मद, 15वें वित्त आयोग एवं डीएमएफ मद के अंतर्गत 283.10 लाख रुपये की लागत से किए जाने वाले विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। इससे नगर में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार को नई गति मिलने की उम्मीद है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत संचालित मेडिकल मोबाइल यूनिट का निरीक्षण किया गया और उनकी सेवाओं की जानकारी ली गई। साथ ही नारी शक्ति वंदन अधिनियम के संबंध में निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। इसके अलावा जनगणना 2027 को लेकर जागरूकता बढ़ाने हेतु प्रचार-प्रसार किया गया तथा स्व-जनगणना कार्य भी संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, पार्षदों, अधिकारियों एवं बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग उपस्थित थे।



### जिला पंचायत अध्यक्ष एवं जनपद उपाध्यक्ष ने खेल मैदान का किया भूमि पूजन

**कुसमी।** ग्राम पंचायत प्रेम नगर में जिला पंचायत विकास मद से स्वीकृत खेल मैदान का भूमि पूजन जिला पंचायत अध्यक्ष हिरामुनी निकुंज, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष अशोक सोनी की मुख्य आतिथ्य में किया गया।खेल मैदान के समतलीकरण हेतु 4 चार लाख रुपए की राशि ग्रामीणों की मांग पर खेल मैदान को बनाने का निर्णय लेते हुए जिला पंचायत मद से 4 चार लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई। ,इस अवसर पर ग्राम पंचायत के बीडीसी, सरपंच, पंच, सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। जिला पंचायत अध्यक्ष हीरामुनि निकुंज एवं जनपद पंचायत उपाध्यक्ष अशोक सोनी द्वारा केंद्र की मोदी सरकार सहित छत्तीसगढ़ सरकार की शासन द्वारा दी जा रही लाभकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए उनसे लाभ लेने की बात कही गई। इस दौरान कृष्ण मुरारी सोनी, विंदू सिंह, मुरली राम, दुर्गा जायसवाल, उपेंद्र सिंह, पारस पाल, इंद्रदेव निकुंज सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## अंबिकापुर अग्निकांड के बाद सूरजपुर में भी बढ़ी सतर्कता की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

संभागीय मुख्यालय अंबिकापुर में हाल ही में पटाखा और प्लास्टिक कारोबारी के रिहायशी क्षेत्र में संचालित गोदाम में हुई भीषण आगजनी की घटना ने पूरे सरगुजा संभाग को भीतर से हिला कर रख दिया है। इस भयावह हादसे में जहां आसपास के लोगों को भारी नुकसान और दहशत का सामना करना पड़ा, वहीं घटना के कई दिन बाद भी आग पूरी तरह से शांत नहीं हो पाई है, जो इसकी गंभीरता को दर्शाता है।

- घनी आबादी क्षेत्र में स्थापित पटाखा कारोबारियों के दुकान-गोदाम स्टॉक व भंडारण की जांच जरूरी

इस घटना के बाद प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े होने लगे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि रिहायशी इलाके में बिना वैध अनुमति के इतनी बड़ी मात्रा में पटाखों का भंडारण किया जा रहा था। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या संबंधित विभाग—पुलिस, नगर निगम और प्रशासन—को इसकी जानकारी नहीं थी, या फिर निगरानी में कहीं न कहीं चूक हुई।

अंबिकापुर की इस घटना के बाद अब सूरजपुर जिले में भी सतर्कता बढ़ाने की मांग तेज हो गई है। जानकारों के अनुसार, सूरजपुर जिला मुख्यालय के साथ-साथ बिश्रामपुर और भटगांव जैसे कॉलरी क्षेत्रों में दीपावली, छठ पूजा, शादी-विवाह एवं अन्य आयोजनों के दौरान पटाखों की भारी खपत होती है। इसके चलते स्थानीय व्यापारी बड़ी मात्रा में पटाखों का भंडारण अपनी दुकानों, गोदामों में करते हैं। ऐसे में यह आवश्यक हो गया है कि जिले में संचालित सभी पटाखा कारोबारियों के स्टॉक का सत्यापन किया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि कहीं रिहायशी क्षेत्रों में अवैध या असुरक्षित तरीके से भंडारण तो नहीं किया जा रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि समय रहते इस दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो भविष्य में अंबिकापुर जैसी घटना की पुनरावृत्ति से इंकार नहीं किया जा सकता।स्थानीय नागरिकों ने सूरजपुर जिला प्रशासन से मांग की है कि शीघ्र ही विशेष अभियान चलाकर पटाखा कारोबारियों के लाइसेंस, स्टॉक और भंडारण स्थलों की जांच की जाए। साथ ही सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करते हुए नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

### पत्नी से हुआ विवाद तो पति ने पी लिया जहर, मौत

**अम्बिकापुर।** पत्नी के साथ हुए विवाद और दोनों के बीच मनमुटाव होने पर पति ने कीटनाशक पी लिया। परिजन युवक को निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार सीतापुर थाना अंतर्गत ग्राम भिठवा कुम्हारपारा निवासी कृष्णा कुमार सिंह आ. गणेश राम (31 वर्ष) 25 अप्रैल को शराब पीने के बाद बाइक से अपने ससुराल राजपुर चला गया। ससुराल में किसी बात को लेकर पत्नी से विवाद हो गया। विवाद के बाद दोनों के बीच मनमुटाव हो जाने पर युवक कमरे में गया और कीटनाशक पी लिया। इधर युवक को कीटनाशक पीते देश रिश्तेदार शीला बाई ने कीटनाशक का डिब्बा छीन फेंक दिया और घटना की जानकारी परिजन को दी। परिजन युवक को लुण्ड्रा अस्पताल में भर्ती क्रराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया। परिजन युवक को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान रात में युवक की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## उप अभियंता ने शिकायत के खिलाफ की जांच की मांग

**अंबिकापुर।** बलरामपुर जिले के कुसमी में पदस्थ ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के उप अभियंता ने अपने उपर लगे आरोपों को निराधार बताते हुए शिकायत की गंभीरता से जांच की मांग की है। महिला को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के आरोप के बाद उप अभियंता ने कलेक्टर, एसपी और विभाग के प्रमुख अभियंता को भी डाक के माध्यम से शपथ पत्र भेजा है। ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के उप अभियंता अम्बरीश यादव के खिलाफ एक अज्ञात महिला ने शादी का झांसा देकर तीन वर्षों तक दुष्कर्म करने का आरोप लगाते हुए महिला आयोग से शिकायत की थी। मामला सामने आने के बाद उप अभियंता श्री यादव ने कलेक्टर, एसपी व ग्रामीण यांत्रिकी विभाग के प्रमुख अभियन्ता को सौंपे ज्ञापन में आरोप को निराधार बताया और कहा कि उन्हें फंसने की कोशिश की जा रही है। आयोग को महिला द्वारा दिए गए कथित आपत्तिजनक और पैसे की लेन-देन चैट को भी फर्जी बताया है। उन्होंने झूठी शिकायत करने वाली महिला के खिलाफ जांच कराने की मांग करते हुए कठोर कार्रवाई की मांग की है। उप अभियंता अम्बरीश यादव का कहना है कि वह शादी शुदा है और उसके तीन बच्चे है।

## कृषि आदान व्यापारियों ने दी खरीफ सीजन के पूर्व अनिश्चितकालीन आन्दोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

छग एग्री इनपुट डीलर्स एसोसिएशन के अंतर्गत कृषि आदान व्यापारियों ने एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल करने के साथ ही कलेक्टर के माध्यम से पीएम को ज्ञापन सौपा है। एसोसिएशन का कहना है कि उनकी 12 सूत्रीय मांगों को 10 वर्षों से केंद्र व राज्य सरकार द्वारा अनसुना किया जा रहा है। अब मांग पूर्ण नहीं होने पर उन्होंने खरीफ सीजन के पहले अनिश्चिकालीन हड़ताल की चेतावनी दी है।

- कलेक्टर के माध्यम से सौंपा ज्ञापन

व्यापारियों का कहना है कि उर्वरक निर्माता कंपनियों द्वारा सब्सिडी वाले खाद के साथ अनुपयोगी उत्पादों की जबरन लिंकिंग को अपराध घोषित किया जाए और उत्तर प्रदेश सरकार के निर्णय की तर्ज पर पूरे देश में अनुदानित उर्वरक के साथ गैर-अनुदानित उत्पाद बेचने की बाध्यता पर रोक लगे। खाद की डिलीवरी डीलर के बिक्री केंद्र तक कंपनियों द्वारा सुनिश्चित की जाए। वर्तमान में यूरिया जैसे खाद की डिलीवरी रेल-हेड पर दी जा रही है, जिससे डीलरों को प्रति बैग 40 से 50 रुपये का अतिरिक्त खर्च वहन करना पड़ रहा है। इसी प्रकार बढ़ती लागत और महंगाई को देखते हुए उर्वरकों पर डीलर मार्जिन को बढ़ाकर कम से कम 8 प्रतिशत किया जाए। ग्रामीण खुदरा विक्रेताओं के लिए पोर्टल को वैकल्पिक बनाया जाए और इसकी अनिवार्यता केवल निमार्ताओं एवं थोक विक्रेताओं तक सीमित रखी जाए। व्यापारियों के अनुसार अवैध बीजों की बिक्री पर प्रभावी रोक लगे या अधिकृत डीलरों को विनियमित बिक्री की अनुमति दी जाए। एसोसिएशन के सदस्यों ने आगामी एक माह में इन समस्याओं के उचित निराकरण हेतु ठोस कदम उठाने का अनुरोध करते हुए चेतावनी दी है कि यदि इन मांगो को पूरा नहीं किया गया तो आगामी खरीफ सीजन के पूर्व अनिश्चितकालीन आन्दोलन करने को मजबूर होंगे।



### रिस्तेदार युवक ने घर में काम करते हुए की चोरी, गिरफ्तार

**राजपुर।** लुंड्रा के जामपारा निवासी भगवान सिंह आ. शिवलाल ने राजपुर पुलिस से शिकायत की थी कि उसके घर पर रिस्तेदार भोलाराम जनवरी महीने से रहकर काम कर रहा था। 21 अप्रैल की रात 10 बजे परिवार के सभी सदस्य सो गए थे। देर रात ढाई बजे जब उसका पुत्र शौच के लिए उठा तो देखा की घर का दरवाजा खुला हुआ है। जांच करने पर पता चला कि घर में रखी बाइक क्रमांक सीजी 30 यू 6989 गायब थी। इसके साथ ही घर में रखा 70 हजार रूपए नगदी, मोबाइल फोन व अन्य सामान चोरी हो गया था। घटना के बाद भोला राम गायब था। पुलिस द्वारा मामले की जांच करने के साथ ही संदेह के आधार पर लुंड्रा जामपारा निवासी 23 वर्षीय भोला राम आ. धीरेन्द्र सिंह को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो युवक पहले पुलिस को गुमराह करता रहा लेकिन बाद में उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी भोला राम के पास से चोरी की बाइक व अन्य सामान को बरामद किया।



## ग्राम रविन्द्रनगर से एनएच को जोड़ने वाली निर्माणाधीन सड़क की रफ्तार पड़ी धीमी

**बिश्रामपुर।** विकासखंड सूरजपुर अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत रविंद्रनगर नवापारा में इन दिनों बहुप्रतीक्षित सड़क निर्माण कार्य लोगों के लिए राहत की बजाय परेशानी का सबब बन गया है। नेशनल हाईवे 43 से गांव तक लगभग 4 किलोमीटर लंबी पक्की सड़क का निर्माण करीब 6 करोड़ रुपए की लागत से कराया जा रहा है, लेकिन इसकी धीमी रफ्तार और अधूरे काम ने ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। लोगों का कहना है कि सड़क निर्माण कार्य बहुत धीमी गति से चल रहा है, जिससे रोजमर्रा के आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। खासकर सब्जी किसानों को अपनी उपज मंडी तक पहुंचाने में काफी परेशानी हो रही है। कई बार खराब रास्ते के कारण वाहन फंस जाते हैं या देर से पहुंचते हैं, जिससे आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ रहा है। इतना ही नहीं निर्माणाधीन सड़क पर दिनभर दौड़ते वाहनों से उड़ने वाली धूल ने पूरे इलाके का माहौल खराब कर दिया है। घरों, दुकानों और खेतों तक धूल की मोटी परत जम रही है। इससे खासकर दमा और अन्य श्वास रोग से पीड़ित लोगों की परेशानी कई गुना बढ़ गई है। ग्रामीणों का कहना है कि बच्चों और बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर इसका सीधा असर पड़ रहा है।

## महिला मोर्चा ने किया राहुल का पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



नारी शक्ति वंदन संशोधन विधेयक का विरोध करने को लेकर जन आक्रोश महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महापौर मंजूषा भगत, जिपं अध्यक्ष निरूपा सिंह एवं जन आक्रोश महिला सम्मेलन की प्रदेश प्रभारी श्रीमती दिव्या सिंह सिसोदिया शामिल हुई। इसके साथ ही भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष शुभांगी बिहाडे के नेतृत्व में घड़ी चौक पर विधेयक का विरोध करने वाले लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान महापौर श्रीमती भगत ने कहा कि नारी शक्ति वंदन संशोधन विधेयक महिलाओं को सशक्त बनाने का ऐतिहासिक कदम है। इसका विरोध करने वाले इंडी गठबंधन के नेता महिलाओं के सम्मान का अपमान कर रहे हैं। भाजपा महिलाओं के हक की रक्षा के लिए सदैव खड़ी रहेगी। जिपं अध्यक्ष निरूपा सिंह ने कहा कि यह विधेयक महिलाओं को विधायिका में 33 प्रतिशत आरक्षण देकर सच्ची नारी शक्ति को मजबूत करेगा। कांग्रेस के विरोध से महिलाओं के अधिकारों पर प्रहार हो रहा है, जिसका हम दृढ़ता से मुकाबला करेंगे। दिव्या सिंह सिसोदिया ने कहा कि प्रदेश स्तर पर जन आक्रोश महिला सम्मेलन के माध्यम से हम नारी शक्ति के अपमान को बर्दाश्त नहीं करेंगे। राहुल गांधी का यह रवैया महिलाओं के खिलाफ षड्यंत्र है, जिसके विरुद्ध भाजपा की महिलाएं सड़क से संसद तक लड़ेंगी। कार्यक्रम का संचालन प्रियंका चौबे एवं नीलू गुप्ता ने किया। इस दौरान युवा मोर्चा प्रदेश मंत्री प्रिया सिंह, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष निशांत सिंह (सोलू), एमआईसी सदस्य ममता तिवारी, प्रियंका गुप्ता, पार्षद किरण सिंह तोमर, रजनी बिंद, नीलम राजवाड़े, पूनम टेकाम, बबली नेताम, सरस्वती यादव, शालिनी सिंह, रूपा गुप्ता, हीरमैन राजवाड़े, कौशल्या राजवाड़े सहित अन्य मौजूद रहे।

## गीता पाठ में जीवन की प्रवृत्तियों पर व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



महामना मालवीय मिशन द्वारा जमुना लाल श्रीवास्तव के निवास में गीता पाठ का आयोजन किया गया।उपस्थित सदस्यों ने मानव स्वभाव का दार्शनिक विश्लेषण एवं श्रीमद्भगवद्गीता का गुणत्रयविभाग योग पर व्याख्यान दिया।

श्रीमद्भगवद्गीता का 14वाँ अध्याय गुणत्रय विभाग योग मानव स्वभाव, कर्म और जीवन की प्रवृत्तियों को समझने का गहन दार्शनिक आधार प्रस्तुत करता है। इस अध्याय में भगवान श्रीकृष्ण अर्जुन को बताते हैं कि सम्पूर्ण प्रकृति तीन मूलभूत गुणों—सत्त्व, रजस और तमस से निर्मित है। यही तीनों गुण मनुष्य के विचार, व्यवहार और कर्म प्रभावित करते हैं तथा आत्मा को संसार के बंधनों में बाँधते हैं। इन गुणों को समझना और उनसे ऊपर उठना ही आत्मिक मुक्ति का मार्ग है।संस्था के अध्यक्ष ब्रम्हा शंकर सिंह ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण कहते हैं कि यह समस्त भौतिक जगत प्रकृति से उत्पन्न हुआ है और प्रकृति के भीतर ही ये तीनों गुण सक्रिय रहते हैं। मनुष्य का शरीर, उसकी प्रवृत्तियाँ और उसके कर्म इन्हीं गुणों के प्रभाव से संचालित होते हैं। यद्यपि आत्मा स्वयं शुद्ध और अविनाशी है, फिर भी प्रकृति के इन गुणों से प्रभावित होकर वह जन्म-मरण के चक्र में बँधी रहती है।सुनिल दत्त पाण्डेय ने कहा कि एसटीवी गुण प्रकाश और संतुलन का मार्ग है तीनों गुणों में सत्त्वगुण को सबसे शुद्ध और संतुलित माना गया है। सत्त्व का अर्थ है प्रकाश, ज्ञान और पवित्रता। जब मनुष्य के भीतर सत्त्वगुण की प्रधानता होती है, तब उसके जीवन में शांति, संतुलन, विवेक और नैतिकता का विकास होता है। ऐसा व्यक्ति ज्ञान की ओर उन्मुख होता है और सत्य की खोज करता है। गीता के अनुसार सत्त्वगुण मनुष्य को सुख और ज्ञान से जोड़ता है। सात्त्विक व्यक्ति का जीवन संयमित, संतुलित और समाज के लिए हितकारी होता है। मृत्यु के बाद भी ऐसे व्यक्ति उच्च लोकों को प्राप्त होते हैं, क्योंकि उनका जीवन अधिक पवित्र और आध्यात्मिक होता है।राम नारायण शर्मा ने कहा कि कर्म और इच्छाओं के प्रभाव से कोई व्यक्ति वंचित नहीं है। गीता के अनुसार दूसरा गुण है रजोगुण, जो गतिविधि, महत्वाकांक्षा और इच्छाओं का प्रतीक है। राजस मनुष्य को कर्म के लिए प्रेरित करता है, परन्तु इसके साथ ही यह उसे तृष्णा, लालच और अहंकार में भी बाँध देता है। रजोगुण के प्रभाव में मनुष्य निरंतर सफलता, प्रतिष्ठा और भौतिक उपलब्धियों के पीछे दौड़ता रहता है।दुर्गा प्रसाद तिवारी ने कहा कि रजोगुण की प्रधानता वाले व्यक्ति कर्मशील तो होते हैं, लेकिन उनके भीतर स्थायी शांति का अभाव रहता है।



# गवर्नर से सामने आई मनोज की झलक...

**मुंबई।** फिल्म गवर्नर से एक्टर मनोज बाजपेयी की एक इलक सामने आई है। इस फिल्म का पोस्टर चर्चा का विषय बना हुआ है। इन पोस्टर्स में मनोज बाजपेयी गर्वनर के गंभीर किरदार में नजर आ रहे हैं। उनके कंधों पर देश को एक बड़े आर्थिक संकट से बचाने की जिम्मेदारी भी है। पहले पोस्टर में वो एंबेसडर कार में चिंतित बैठे नजर आ रहे हैं। इस पर लिखा है, 'देश कगार पर था और उसने इस मुसीबत को आते देखा।' दूसरे पोस्टर में मनोज कुछ सोचते हुए नजर आए और इस पर लिखा है, 'देश दिवालिया होने की कगार पर है।

## लाइफ Style



# नीतू
## अच्छी फिल्मों की तलाश में

बिहार की एक सीधी-सादी लड़की से हॉलीवुड तक का सफर करने वाली अभिनेत्री नीतू चंद्रा को अब अच्छी फिल्मों की तलाश है। उन्होंने फिल्मों से ब्रेक लेने की अफवाहों को खारिज करते हुए कहा है कि वे अच्छी फिल्मों की तलाश में हैं और इसमें समय लगता है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

'गरम मसाला', 'ट्रैफिक सिग्नल' और 'ओए लकी! लकी ओए!' जैसी फिल्मों में काम कर चुकीं अभिनेत्री नीतू चंद्रा ने बताया कि उनका ध्यान हमेशा सार्थक काम पर रहा है, न कि स्टारडम की दूसरी चकाचौंध और 'अनावश्यक' बाहरी दिखावे पर। अपने ब्रेक लेने की धारणा पर बात करते हुए उन्होंने साफ किया, मैंने कोई ब्रेक नहीं लिया। मैं अच्छी फिल्मों की तलाश करती रहती हूं। उन्होंने आगे कहा, आप यह नहीं समझते कि बिहार से आई एक लड़की को, जो बिल्कुल साधारण बैकग्राउंड से आती है, हॉलीवुड तक पहुंचने में कितना समय लगा होगा। अपने सफर के बारे में नीतू चंद्रा ने कहा, आज मैं फिर उसी जगह खड़ी हूं, जहां मैं आप सबसे दोबारा मिल पा रही हूं। मेरे पास 'एयरपोर्ट लुक्स' के लिए समय नहीं है। मेरे पास अपने अगले प्रोजेक्ट पर ध्यान देने का समय है। मैं सही काम चुनने में अपना समय लगाती हूं, ताकि मैं दर्शकों के लिए हमेशा कुछ सार्थक ला सकूं। एक्ट्रेस ने कहा कि जिंदगी में और काम के मामले में उनका मकसद हमेशा साफ रहा है। उन्होंने कहा, मेरी जिंदगी का मकसद, मेरा लक्ष्य, हमेशा अच्छा काम करते रहना और दर्शकों का प्यार पाते रहना रहा है।

## हॉलीवुड मसाला



# रिहैब में भर्ती हुई ब्रिटनी...

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड स्टार ब्रिटनी स्पीयर्स रिहैब में भर्ती हुई हैं। पुलिस के अनुसार वेंटुरा में ब्रिटनी को तेज रफ्तार और लापरवाही से गाड़ी चलाने के आरोप में रोका गया था। इस ट्रैफिक उल्लंघन के बाद उनकी मानसिक स्थिति और सुरक्षा को लेकर चिंताएं बढ़ गई थीं। यह घटना उस समय हुई है, जब ब्रिटनी अपनी निजी जिंदगी और परिवार से जुड़े कई गंभीर विवादों और मुश्किलों का सामना कर रही हैं। माना जा रहा है कि इन्हीं मानसिक तनावों और पारिवारिक उलझनों के कारण उन्होंने पेशेवर मदद लेने और पुनर्वास केंद्र जाने का फैसला किया है।




# टेलर और ट्रैविस जुलाई में करेंगे मैरिज ...

**लॉस एंजेलिस।** पॉप गायिका टेलर स्विफ्ट मंगेतर ट्रैविस केल्स ने अपनी शादी को लेकर तैयारियां शुरू कर दी हैं। पहले चर्चा थी कि गायिका 13 जून को शादी करेंगी क्योंकि यह उनका लकी नंबर है, लेकिन अब तारीख बदल गई है। खबर के मुताबिक, टेलर और ट्रैविस ने अपनी शादी के लिए 3 जुलाई की तारीख चुनी है। फिलहाल तो वेन्यू को गुप्त रखा गया है, लेकिन कहा जा रहा है कि शादी समारोह न्यूयॉर्क में संपन्न हो सकता है। यह भी माना जा रहा था कि शादी के लिए गायिका ने रोड आइलैंड स्थित आलीशान होटल चुना है। शादी में शामिल होने वाले मेहमानों से पहले ही नॉन-डिस्क्लोजर एग्रीमेंट साइन कराया गया है। यह कदम इसलिए उठाया गया है, ताकि शादी से जुड़ी कोई भी जानकारी बाहर न आ सके।



# हिंदी के लिए साई ने मांगी माफी...

**मुंबई।** साई पल्लवी आमिर खान के बेटे जुनैद खान के साथ 'एक दिन' फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू को तैयार हैं। रिलीज से पहले फिल्म को लेकर एक इवेंट हुआ, जिसमें आमिर खान समेत फिल्म की कास्ट भी मौजूद रही। इस इवेंट में साई पल्लवी भी पहुंचीं, जहां उन्होंने इमोशनल स्पीच दिया। इस दौरान साई ने अपनी कमजोर हिंदी के लिए माफी मांगते हुए कहा कि वह उत्साहित होने के साथ-साथ थोड़ी घबराई हुई भी हैं। कार्यक्रम के दौरान जब साई पल्लवी को मंच पर बोलने के लिए बुलाया गया, तो एक्ट्रेस ने हिंदी पर अपनी सीमित पकड़ के लिए माफी मांगी। साथ ही उन्होंने वहां मौजूद लोगों को आगाह किया कि बोलते समय उनसे ग्रामेटिकल मिस्टेक हो सकती है। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए साई ने स्वीकार किया कि उन्होंने हिंदी में बोलने की तैयारी नहीं की थी।



# 'इंस्पेक्टर अविनाश-2' का टीजर रिलीज

**मुंबई।** रणदीप हुड्डा की सीरीज 'इंस्पेक्टर अविनाश' के दूसरे सीजन का ऐलान हो गया है। सीरीज की पहली झलक यानी टीजर रिलीज हो गया है और रणदीप हुड्डा हमेशा की तरह भौकाली अंदाज में नजर आ रहे हैं। उर्वशी रौतेला उनकी पत्नी बनी हैं। 'इंस्पेक्टर अविनाश' का दूसरा सीजन जल्द ही जियोहॉटस्टार पर प्रीमियर होने वाला है। जियो स्टूडियोज, नीरज पाठक और कृष्ण चौधरी का बनाया यह शो 1990 के दशक के उत्तर प्रदेश के बैकग्राउंड पर आधारित है। यह नया सीजन 'इंस्पेक्टर अविनाश' मिश्रा के जीवन के एक और भी गहरे और नए चैप्टर में उतरता है, एक ऐसा पुलिस अधिकारी, जिसने कभी व्यवस्था को चुनौती दी थी। इस सीरीज में उर्वशी रौतेला, अमित सियाल, अभिमन्यु सिंह, रजनीश दुग्गल, शालिन भनोट और फ्रेडी दारूवाला भी नजर आएंगे।

## टीवी मसाला

# सौतेले बेटे की जासूसी करने निकली तुलसी

**मुंबई।** चर्चित सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' के दूसरे सीजन में लोगों की शादियां टूटने का सिलसिला थम नहीं रहा है। इस सीरियल में या तो किसी का तलाक हो रहा होता है, या किसी की दूसरी शादी कराने की कोशिशें चल रही होती हैं। तुलसी और मिहिर का तलाक हो ही चुका है। अब



परिवार के सदस्य दोनों की दोबारा शादी की प्लानिंग कर रहे हैं। इस बीच एक और आदर्श जोड़ी के रिश्ते में दूरियां आ गई हैं। तुलसी और मिहिर के बाद विरानी परिवार में करण और नंदिनी को आदर्श जोड़ी के रूप में देखा जाता रहा है। मगर, लगता है कि करण भी अपने पिता के नक्शे-कदम पर चल पड़ा है। मिहिर का शादी से बाहर अफेयर रहा है। अब फिलहाल इस सीरियल में दिखाई जा रही कहानी के हिसाब से करण भी अपनी पत्नी नंदिनी को धोखा दे रहा है। पिछले एपिसोड में देखा गया कि नंदिनी ने करण को दूसरी महिला के साथ रंगे हाथों पकड़ लिया। उसने घरवालों को यह बात बताई तो किसी ने नहीं माना। बाद में तुलसी ने खुद पता लगाने का फैसला लिया, वह करण के फ्लैट पर पहुंची तो करण ने यहां भी चालाकी से सच छिपा लिया।

# हैदराबादी लहजा सीखने के लिए कर रहीं घंटों प्रैक्टिस



**चेन्नई।** दिनों नई वेब सीरीज 'गली' में अपने किरदार के लिए हैदराबाद की खास बोली और लहजे को सीखने पर काम कर रही है। अपने किरदार की तैयारी को लेकर हंसिका मोटवानी ने कहा, 'मुझे इस किरदार के लिए डायलॉग्स बोलने के तरीके पर सबसे ज्यादा काम करना पड़ा। सीरीज की कहानी हैदराबाद के पुराने शहर और चारमीनार इलाके के आसपास की दुनिया को दिखाती है, इसलिए मेरे लिए वहां की बोली को सही तरीके से समझना बेहद जरूरी था। मैं चाहती हूं कि मेरे डायलॉग्स बिल्कुल असली लगें और दर्शकों को ऐसा महसूस हो कि मेरा किरदार उसी माहौल का हिस्सा है।' हंसिका ने कहा, मैंने किसी डायलॉग ट्रेनर की मदद नहीं ली। मैंने खुद मेहनत करके अपनी तैयारी की। हालांकि, पूरी टीम साथ बैठकर कई बार वर्कशॉप करती थी, ताकि हर डायलॉग और हर शब्द सही तरीके से बोला जा सके। टीम के साथ बैठकर बार-बार डायलॉग्स पढ़ने और बोलने से मुझे काफी मदद मिली। इससे भाषा की बारीकियों को समझने का मौका मिला।' हंसिका ने कहा, यह अनुभव मेरे लिए बिल्कुल नया था। मैंने पहले कभी इस तरह की बोली या लहजे में काम नहीं किया। यही वजह थी कि शुरुआत में मुझे काफी प्रैक्टिस करनी पड़ी। किसी खास बोली में अभिनय करना आसान नहीं होता, क्योंकि अगर एक छोटा सा शब्द भी गलत बोल दिया जाए तो वह तुरंत लोगों को महसूस हो जाता है। छोटी सी गलती भी दर्शकों के तुरंत पकड़ में आ जाती है, इसलिए मैं हर शब्द के उच्चारण और बोलने के अंदाज को लेकर बहुत सावधान रहती थी।

# मेहरीन ने हिमाचल प्रदेश में रचाई शादी

**मुंबई।** अभिनेत्री महरीन पीरजादा अब शादीशुदा हैं। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर अर्श औलख के साथ शादी की की तस्वीरें शेयर करते हुए खुशखबरी सुनाई है। महरीन ने हिमाचल प्रदेश के चैल के खूबसूरत पहाड़ों के बीच आयोजित अपनी शादी समारोह की कई मनमोहक तस्वीरें साझा कीं। उन्होंने पोस्ट को कैप्शन दिया, '26.04.26 अनंत, लाल दिल और बुरी नजर वाले इमोजी।' महरीन और अर्श दोनों ने बेबी पिंक रंग की पारंपरिक ड्रेस पहनी हुई थी।



उनकी शादी की तस्वीरें यहां देखें। मेहरीन द्वारा अपनी शादी की तस्वीरें पोस्ट करने के कुछ ही समय बाद, फिल्म जगत के सदस्यों सहित कई नेटिज़न्स ने कमेंट सेक्शन में अपनी शुभकामनाएं दीं। फिल्म निर्माता अनुराग कश्यप ने लिखा, 'मुबारक।' अभिनेत्री हंसिका ने लिखा, 'बधाई हो।' वहीं, काम के मोर्चे पर, मेहरीन तेलुगु और तमिल फिल्मों में अपनी भूमिकाओं के लिए जानी जाती हैं। उन्होंने तेलुगु फिल्म कृष्णा गादी वीरा प्रेमा गाधा (2016) से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की और तब से कई अन्य फिल्मों में काम कर चुकी हैं।


## स्पोर्ट्स से लेकर हॉरर और एनिमेटिड कॉमेडी का लगेगा तड़का

# मजेदार होगा वीक एंड, ओटीटी पर स्ट्रीम होगी धमाकेदार सीरीज

*मुंबई। सिनेमाघरों में 'धुरंधर 2' की चमक कम नहीं हो रही है। 'भूत बंगला', 'माइकल' और 'गिन्नी वेड्स सनी 2' जैसी फिल्में भी लगी हुई हैं। इसके अलावा आगामी 1 मई को जुनैद खान और साई पल्लवी की 'एक दिन' भी दस्तक देगी। मगर, इसके बीच ओटीटी पर इस वीक कई रोचक फिल्में और सीरीज रिलीज होने जा रही हैं।*

**ग्लोरी :** अगर आपको स्पोर्ट्स पर आधारित कंटेंट पसंद है तो इस वेब सीरीज को इस वीक देख सकते हैं। इसमें पुलकित सम्राट, दिव्येंदु, सुविंदर विक्की, जन्नत जुबैर, सयानी गुप्ता और आशुतोष राणा अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। सीरीज 1 मई को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी, जो बॉक्सिंग की पृष्ठभूमि पर आधारित है। यह क्राइम ड्रामा सीरीज है, जिसका निर्देशन करण अंशुमन और कनिष्क वर्मा ने किया है।

**स्वैप्ड :** यह एक अमेरिकी एनिमेटिड कॉमेडी फिल्म है। वीकएंड पर अगर बच्चों के साथ कुछ बढ़िया देखने का मन है तो इस फिल्म को अपनी लिस्ट में जोड़ सकते हैं। इसका निर्देशन नाथन ग्रेनो ने किया है। स्काईडांस एनिमेशन द्वारा निर्मित इस फिल्म में माइकल बी जॉर्डन, जूनो टेम्पल, ट्रेसी मॉर्गन, सेड्रिक द एंटरटेनर और जस्टिना मचाडो ने अपनी आवाजें दी हैं। यह 1 मई को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।



**'राकासा':** अगर आपको हॉरर फिल्में पसंद हैं तो यह फिल्म आपके लिए है। संगीत शोभन और नयन सारिका अभिनीत तेलुगु फिल्म 'राकासा' 3 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हुई और खूब तारीफ बटोरीं। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर भी अच्छा प्रदर्शन किया। इसका निर्देशन मानसा शर्मा ने किया। अब यह ओटीटी पर आ रही है। 'राकासा' 1 मई को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। फिल्म तमिल, हिंदी, कन्नड़ और मलयालम भाषाओं में उपलब्ध है।

**माय डियरेस्ट सेनोरीटा :** यह एक स्पेनिश फिल्म है। यह 17 अप्रैल को स्पेन में रिलीज हुई। अब इसे दर्शक ओटीटी पर भी देख सकेंगे। इसका निर्देशन फर्नांडो जी. मोलिना ने किया है। यह फिल्म 1972 में इसी नाम से बनी फिल्म पर आधारित है। फिल्म कहानी एक पारंपरिक रुढ़िवादी परिवार में जन्मी इकलौती संतान एडेला पर आधारित है। इसे 01 मई को नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

**बैचमेट्स :** यह एक तेलुगु वेब सीरीज है, जो इंजीनियरिंग के चार छात्रों पर आधारित है। इसमें कॉलेज लाइफ, रैगिंग के अलावा छात्र जीवन के कई अन्य पहलुओं को दिखाया जाएगा। इसे 30 अप्रैल से जियोहॉटस्टार पर देखा जा सकता है।

**द हाउस ऑफ द स्पिरिट्स :** यह एक हॉरर ड्रामा सीरीज है। यह सीरीज परिवार की कहानी है, जिसे हिंसक सामाजिक उथल-पुथल के बीच गुप्त प्रेम, क्रांति और परिवार के तानाशाह मुखिया तथा उसकी पोती के बीच की पीढ़ियों पुरानी कलह का सामना करना पड़ता है। यह सीरीज 29 अप्रैल को प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी।

# मनोज संग स्क्रीन शेयर करते आएंगी नजर

अभिनेत्री अदा शर्मा आने वाली फिल्म 'गवर्नर' में अभिनेता मनोज बाजपेयी के साथ काम को लेकर खुश हैं। वे इस फिल्म में मनोज बाजपेयी के साथ स्क्रीन शेयर करती नजर आएंगी। उन्होंने कहा कि वह उनके साथ काम करके बहुत खुश हैं। इसके साथ ही, अभिनेत्री ने मनोज बाजपेयी की खूब प्रशंसा की।



**मुंबई।** मनोज बाजपेयी के साथ पहली बार काम करने के बारे में अदा शर्मा ने कहा, वह (बाजपेयी) इस फिल्म का चेहरा हैं। वह 'गवर्नर' में गवर्नर का रोल निभा रहे हैं। फिल्म में अपने किरदार के बारे में अदा शर्मा ने कहा, मैं उनके साथ स्क्रीन शेयर करके बहुत खुश हूं। हमारे डायरेक्टर चिन्मय मंडलेकर बहुत अच्छे हैं, जो खुद भी एक शानदार एक्टर हैं। मेरे किरदार में भी एक अच्छा सरप्राइज है और यह कुछ ऐसा है जो मैंने पहले कभी नहीं किया। चिन्मय मंडलेकर की ओर से निर्देशित इस फिल्म को सनशाइन पिक्चर्स ने प्रस्तुत किया है। विपुल अमृतलाल शाह फिल्म के प्रोड्यूसर हैं और को-प्रोड्यूसर आसीन ए. शाह हैं। इसकी कहानी सुवेंदु भट्टाचार्य, सौरभ भारत, रवि असरानी और विपुल अमृतलाल शाह ने लिखी है। यह फिल्म 12 जून 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## खबर संक्षेप

### सेवानिवृत्ति पर वरिष्ठ व्याख्याता को दी गई भावभीनी विदाई

**बरबसपुर।** पोड़ी क्षेत्र के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चित्ताझोर में पदस्थ वरिष्ठ व्याख्याता श्रीमती चंदना रानी सूरीन को उनकी 38 वर्षों की लंबी एवं समर्पित सेवा के उपरांत भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर विद्यालय में एक सादगीपूर्ण लेकिन गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य सत्येन्द्र कुमार सिंह ने श्रीमती सूरीन को श्रीफल, शाल एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। उन्होंने अपने संबोधन में उनके कार्यकाल को याद करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान की सराहना की और उनके स्वस्थ, सुखद एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों ने भी श्रीमती सूरीन के साथ अपने अनुभव साझा किए और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में व्याख्याता राम कुमार राजवाड़े, तेजभान सिंह, बीएल जरूलिया, सुनील बड़ा, श्रवण कुमार विश्वकर्मा, संदीप तिग्गा, सजीत एक्का, दिनेश टोप्पो, श्रीमती मिलरेड लकड़ा, श्रीमती ममता मिंज, दिनेश नामदेव, किशोर ओझा, पप्पू चौधरी, विकल्प श्रीवास्तव, श्रीमती नाजिया तिग्गा, प्रशांत सोनी, श्रीमती अनुपमा साहू, फूलचंद बैगा सहित विद्यालय के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।


**शपथ पत्र**

**(नाबालिक पुत्र/ पुत्री के नाम परिवर्तन के मामले में)**

मैं फूलमती सिंह (माता/ पिता/ पालक का नाम) सुपुत्र/ पत्नी राम सिंह निवासी सेमरिहा एतद्वारा पूर्णत: पुष्टि करती हूं और निम्नानुसार घोषित करती हूं।

1. मैं ग्राम सेमरिहा तह. भरतपुर की स्थायी निवासी हूं।
2. मैं अपने नाबालिक पुत्र/ पुत्री पुष्करण सिंह से बदलकर प्राय सिंह करवाना चाहता/ चाहती हूं।
3. मैं अपने पुत्र/ पुत्री का नाम बदलकर यदि कोई गैर कानूनी काम करता/ करती हूं तो उसके लिए स्वयं जिम्मेदार रहूंगा/ रहूंगी।
4. मेरी पत्नी/ पति राम सिंह (पत्नी/ पति का नाम) को हमारे/ हमारी नाबालिग पुत्र/ पुत्री के नाम बदलने में कोई आपत्ति नहीं है।
5. यह शपथ पत्र अपने पूरे होशोहवास में रहकर हस्ताक्षर कर रहा/ रही हूं तथा सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रहा/ रही हूं।

फूलमती सिंह- शपथकर्ती


# कॉलेज की छात्राओं ने शोध-प्रविधि के महत्वपूर्ण पहलुओं के संबंध में जाना

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर




शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय में 27 अप्रैल 2026 को शोध-प्रविधि विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन रिसर्च एंड डेवलपमेंट कमिटी द्वारा किया गया।

कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. रंचना निलिमा कच्छप के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की आयोजन समिति में संयोजक डॉ. सुमित कुमार डे, सह संयोजक डॉ. ज्ञान चंद्र पाल, आयोजक सचिव डॉ. पवन कुमार उपाध्याय एवं तकनीकी प्रमुख डॉ. रिचा श्रीवास्तव शामिल रहे। कार्यशाला का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रभारी प्राचार्य एवं आरडीसी समन्वयक भारत सिंह ने स्वागत उद्बोधन देते हुए मुख्य वक्ता प्रो. राजीव कुमार भूतपूर्व विभागाध्यक्ष, अर्थशास्त्र विभाग, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी का स्वागत एवं अभिनंदन किया। इसके पश्चात संयोजक डॉ. सुमित कुमार डे ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। मुख्य वक्ता प्रो. राजीव कुमार ने ऑनलाइन माध्यम से जुड़कर स्टैंडर्ड शोध पत्र कैसे तैयार करें और प्रकाशित करें विषय पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने शोध आलेख के प्रमुख घटकों जैसे उद्देश्य, समसामयिक विषय चयन, शोध प्रश्न, परिकल्पना, शोध प्रविधि, प्रस्तावना, पृष्ठभूमि, साहित्य समीक्षा, शोध डिजाइन, परिणाम, चर्चा एवं निष्कर्ष आदि पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने प्लेगरिज्म से बचाव, लेखन में तारतम्यता, हेडिंग एवं सब-हेडिंग का सही उपयोग तथा समूह अध्ययन जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं को सरल भाषा में समझाया। साथ ही शोध प्रोजेक्ट कैसे तैयार करें विषय पर शीर्षक, सार, समस्या, उद्देश्य, साहित्य समीक्षा, शोध सीमा एवं बजट आदि बिंदुओं पर भी विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. पवन कुमार उपाध्याय ने मुख्य वक्ता का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन रसायन विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ. रिचा श्रीवास्तव ने किया।

# चरचा में 1 मई को श्रमिक परिसर का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज. चरचा कॉलरी



अंतराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर नगर पालिका शिवपुर-चरचा में श्रमिकों को समर्पित एक महत्वपूर्ण पहल के तहत 1 मई को चरचा ईस्ट मार्ग स्थित नवनिर्मित श्रमिक परिसर का भव्य लोकार्पण किया जाएगा। इस आयोजन को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल है, वहीं प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री भईयालाल राजवाड़े उपस्थित रहेंगे। विशिष्ट अतिथियों में बैकुंठपुर क्षेत्र के महाप्रबंधक नरेश प्रसाद, भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी एवं सहक्षेत्र प्रबंधक संजय कुमार शामिल होंगे। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पालिका उपाध्यक्ष राजेश सिंह एवं सभी पार्षदगण मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष अरूण जायसवाल करेंगे। इस आयोजन की जिम्मेदारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी वशिष्ठ कुमार ओझा के नेतृत्व में निभाई जा रही है। उप अभियंता आलोक चक्रधारी सहित नगर पालिका की टीम कार्यक्रम स्थल पर साफ-सफाई, पेयजल, बैठने की व्यवस्था और सुरक्षा जैसे सभी इंतजामों को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं। नगर पालिका और एसईसीएल चरचा आरओ के संयुक्त तत्वावधान में मजदूर दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे, इनमें श्रमिकों के योगदान को सम्मानित किया जाएगा। उत्कृष्ट कार्य करने वाले श्रमिकों को सम्मानित करने के साथ ही श्रमिक हितों से जुड़ी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी और उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाई जाएगी। नगर पालिका की इस पहल को श्रमिक कल्याण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## पेज 1 का शेष

### एग्रो इनपुट डीलर्स ...

साथ अन्य उत्पादों की अनिवार्य बिक्री खत्म करना और फॉर फ्री ऑन रोड आपूर्ति प्रणाली लागू करना शामिल है, ताकि कंपनियां स्वयं डिलीवरी सुनिश्चित करें। इसके अलावा डीलर मार्जिन को बढ़ाकर न्यूनतम 8 प्रतिशत करने, साथी पोर्टल की अनिवार्यता में ढील देने विशेषकर ग्रामीण विक्रेताओं के लिए, बीज नीति में स्पष्टता लाने और अवैध बिक्री पर सख्ती के साथ अधिकृत डीलरों को संरक्षण देने की मांग भी की गई है। व्यापारियों ने कहा है कि सीलबंद पैकिंग में गड़बड़ी की स्थिति में जिम्मेदारी निर्माता कंपनियों की तय की जाए और विक्रेता को साक्षी का दर्जा दिया जाए। उनका कहना है कि वर्तमान नीतियों के कारण छोटे और ग्रामीण स्तर के डीलर्स पर आर्थिक बोझ लगातार बढ़ रहा है। परिवहन, भंडारण और अन्य खर्चों के बीच कम मार्जिन के चलते व्यापार चलाना मुश्किल होता जा रहा है। एसोसिएशन ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते सुधार नहीं किए गए, तो इसका सीधा असर किसानों पर पड़ेगा। खाद, बीज और कीटनाशक की आपूर्ति प्रभावित हो सकती है, जिससे खेती-किसानी के कार्य बाधित होने की आशंका है।

### वनवासी कल्याण आश्रम ...

पद पर श्वेता पोद्दार एवं उषा सिंह करियाम को नियुक्त किया गया है। सचिव के रूप में राखी सिंह को जिम्मेदारी सौंपी गई है, जबकि सहसचिव पद पर रीता राजवाड़े एवं संगीता केसरवानी को मनोनीत किया गया है। कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी रूचिकर गुप्ता को दी गई है। इसके अलावा शिक्षा प्रमुख के रूप में ममता देवांगन को नियुक्त किया गया है। कार्यकारिणी में ललिता पैकरा, तृप्ति अग्रवाल सहित अन्य सदस्यों को भी शामिल किया गया है। बैठक के दौरान प्रांतीय कोषाध्यक्ष विनोद शुक्ला ने नवगठित समिति को बधाई दी। उन्होंने कहा कि संगठन के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने में महिला समिति की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने अपेक्षा जताई कि नई टीम पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा और संस्कार की भावना को पहुंचाएगी।

### भाजपा महिला मोर्चा ...

कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम का उद्देश्य यही था कि महिलाओं को संसद और विधानसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण देना था, राजनीति क्षेत्र में उन्हें बराबरी का अवसर मिले यह केवल कानून नहीं बल्कि सामाजिक न्याय और समानता की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। कार्यक्रम की मंच संचालन महिला मोर्चा जिला महामंत्री पुष्पलता राजवाड़े ने किया। कार्यक्रम को अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर शीला मिश्रा, अनिता मिश्रा, आशादेवी, किरण शर्मा, रूपा मिश्रा, राज कुमारी मिश्रा, आरती सिंह, तारा साहू, उमा परवार, सरिता कश्यप, मोहनिया, पीलाबाई, अनसु, भुनेश्वरी राजवाड़े, सोनू सिंह, अनिता, फूलमत सहित महिला मोर्चा की बहने उपस्थित रहीं।

# जिला औषधि विक्रेता संघ के पदाधिकारी मिले कलेक्टर से

बैकुण्ठपुर। 27 अप्रैल को कोरिया जिला औषधि विक्रेता संघ के अध्यक्ष शैलेश कुमार गुप्ता के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल द्वारा कलेक्टर के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री, स्वास्थ मंत्री एवं स्वास्थ सचिव के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इसमें प्रदेश शासन द्वारा गठित संयुक्त जांच दल में सिर्फ शिकायत अथवा संदेह की विशेष परिस्थिति में ही पुलिस बल को शामिल करने के लिए दिशा-निर्देश जारी करने बाबत निवेदन किया गया है। अनुकूल एवं सकारात्मक वातावरण में हुई चर्चा में कलेक्टर ने आश्वस्त किया कि आम केमिस्ट को भयभीत होने की आवश्यकता नहीं है, वहीं संघ की ओर से जांच में पूर्ण सहयोग के लिए आश्वस्त किया गया एवं यह बात संज्ञान में लाई गई कि समय समय पर सक्षम अधिकारियों के माध्यम से अनिवार्य एवं नियमित जांच होती रहती है तथा संघ किसी भी प्रकार से अवैध व्यापार को संरक्षण प्रदान नहीं करता है। संघ द्वारा प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करने के साथ ही साथ हमेशा की तरह रचनात्मक कार्यों में सहयोग करने के लिए कृत संकल्प रहने बाबत आश्वस्त किया गया। प्रतिनिधि मंडल में सचिव नंद किशोर राजवाड़े, शशांक जिज्ञासी, ज्ञान प्रकाश गुप्ता, रणविजय गुप्ता, धीरज मिश्रा, दिनेश सिंह, जितेन्द्र सिंह, राकेश गुप्ता, शैलेन्द्र गुप्ता, चिराग, अनुपम गुप्ता, राकेश तिवारी, सौरभ गुप्ता, अशोक बंजारे शामिल रहे।


online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
07 मई, 11 मई,
25 मई, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 31,500/-, 2 एसी- 38,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411



DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त



हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार 2026
प्रथम उपहार 1 कार
द्वितीय उपहार 3 नग बाईक
तृतीय उपहार 10 नग LED TV
चतुर्थ उपहार 5 नग फ्रीज
पांचवा उपहार 8 नग वासिंग मशीन
छठवां उपहार 15 नग गैस चूल्हा
सातवां उपहार 25 नग सिलिंग फैन
आठवां उपहार 40 नग ट्राली बैग
नवां उपहार 500 नग हॉट पॉट
दसवां उपहार 600 नग लंच बाक्स
ग्यारहवां उपहार प्रत्येक प्रतिभागी को सांत्वना उपहार

नियम एवं शर्तें :- ❖ यह सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार योजना 1 मई 2026 से 31 दिसम्बर 2026 की अवधि के लिए है। ❖ हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं। ❖ महालक्की ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा। ❖ इस योजना अवधि में हरिभूमि समाचार पत्र में कुल 50 कूपन (35 सामान्य कूपन एवं 15 मास्टर कूपन) प्रकाशित किये जाएंगे। ❖ योजना में भाग लेने के लिये पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 50 कूपनों में से कुल 30 कूपन (20 सामान्य एवं 10 मास्टर कूपन) चिपकाने होंगे। ❖ फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन व फार्मेट मान्य नहीं होगे। ❖ राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। ❖ सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। ❖ हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। ❖ किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर (छ.ग.) होगा। ❖ चित्र में दर्शाए गए उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं। ❖ हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते।

आज ही हरिभूमि की प्रति बुकिंग करायें
हरिभूमि कार्यालय : गौरव पथ, रिंग रोड नं. - 2, बिलासपुर (छ.ग.)
फोन : 07752-401052, मो. 7000789166